धान का समर्थन मूल्य 143 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा, मूंग का 803 रुपये

2023-24 खरीफ विपणन मौसम के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 143 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है, जिसकी घोषणा भारत सरकार ने 7 जून को की।

धान की सामान्य व ग्रेड ए किस्मों का एम एस पी क्रमशः 2,183 रुपये प्रति क्विंटल व 2,203 रुपये प्रति क्विंटल है, जबकि 2022-23 खरीफ विपणन मौसम के दौरान यह 2,040 रुपये प्रति क्विंटल और 2,060 रुपये प्रति क्विंटल था। मक्का का समर्थन मूल्य 128 रुपये बढ़ाकर 2,090 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

दलहनों में मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 803 रुपये बढ़कर 8,558 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। अरहर और उड़द (काला चना) का समर्थन मूल्य क्रमशः 400 रुपये व 350 बढ़ाकर 7,000 रुपये प्रति क्विंटल व 6,950 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

खरीफ तिलहनों में तिल का एम एस पी 805 रुपये बढ़ाकर 8,635 रुपये प्रति क्विंटल और मूंगफली का समर्थन मूल्य 527 रुपये बढ़ाकर 6,377 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

मध्यम और लंबे रेशे वाली कपास का न्यूनतम समर्थन मूल्य 540 रुपये और 640 रुपये बढ़ाकर क्रमशः 6,620 रुपये प्रति क्विंटल और 7,020 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

2023-24 खरीफ विपणन मौसम में सरकारी खरीद के लिए फ़सलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य

फ़सल	**2023-24 के लिए एम एस पी (रुपए/कुइंटल)**	**2022-23 के लिए एम एस पी (रुपए/कुइंटल)**	**बढ़ौतरी (रुपए/कुइंटल)**	**बढ़ौतरी (प्रतिशत)**
धान (सामान्य)	2,183	2,040	143	7%

धान (ग्रेड ए)	2,203	2,060	143	6.94%
ज्वार (हाइब्रिड)	3,180	2,970	210	7.07%
ज्वार (मलदंडी)	3,225	2,990	235	7.85%
बाजरा	2,500	2,350	150	6.38%
रागी	3,846	3,578	268	7.49%
मक्का	2,090	1,962	128	6.52%
तुअर (अरहर)	7,000	6,600	400	6.06%
मूंग	8,558	7,755	803	10.35%
उड़द	6,950	6,600	350	5.30%
मूंगफली	6,377	5,850	527	9%
सूरजमुखी के बीज	6,760	6,400	360	5.62%
सोयाबीन (पीली)	4,600	4,300	300	6.97%
तिल	8,635	7,830	805	10.28%
नाइजरसीड	7,734	7,287	447	6.13%
कपास (मध्यम रेशा)	6,620	6,080	540	8.88%
कपास (लंबा रेशा)	7,020	6,380	640	10.03%